## मुख्यमंत्री ने कहा, पांच वर्ष में यूपी बनेगा एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, सबका साथ सबका विकास होगा

# लखनऊ होगा पहला एआई शहर: योगी

**तैयारी**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि यूपी को ग्रीन ऊर्जा का हब बनाया जाए। साथ ही लखनऊ को देश की पहली एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) सिटी के रूप में विकसित करें। मुख्यमंत्री ने यूपी के पोटेंशियल के अनुरूप सेक्टरवार अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तय करते हुए इस लक्ष्य को पांच वर्ष में हासिल करने की समय-सीमा तय कर दी है।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर प्रदेश के आय-व्यय और वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की और दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ प्रदेश के लिए 'यूपी फ़ॉर यूपी, यूपी फ़ॉर इंडिया, यूपी फ़ॉर ग्लोबल की परिकल्पना की है। कहा है कि वर्ष 2027 तक यूपी को एक डालर ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के साथ सबका साथ-सबका विकास की नीति का मानक बनेगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राजभवन में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भेंट की। इस मौके पर राज्यपाल भी मौजूद थीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी कोर सेक्टर्स पर फोकस करें, इनमें कृषि, धार्मिक पर्यटन, विनिर्माण और आईटी एंड आईटीईएस हमारे कोर सेक्टर्स हैं।

इसके अलावा एनर्जी, हेल्थ, शहरी विकास, शिक्षा, फूड प्रसेसिंग, एमएसएमई आदि सेक्टर्स पर भी विशेष फोकस की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लिए व्यवस्था में पारदर्शिता के लिए ज्यादा से ज्यादा तकनीक का उपयोग करना होगा। किसी भी प्रकार की पेंडेंसी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### यूपी को शिक्षा के हब के रूप में करें विकसित

योगी ने कहा कि यूपी पूरे देश को सबसे अधिक शिक्षक प्रदान करने वाला राज्य रहा है। विद्यालय खोलना हमारे यहाँ पवित्र कार्य माना जाता रहा है। महामना मदन मोहन मालवीय, बाबा राघवदास, महंत दिग्विजयनाथ जैसे महापुरुषों ने बड़े-बड़े शिक्षण संस्थानों का निर्माण कराया। प्रदेश को शिक्षा के हब के रूप में स्थापित करना होगा।

### ऊसर भूमि पर ही कराएं निर्माण कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 54 लाख आवास गरीबों के लिए निर्माण कराए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन्म मृत्य रजिस्ट्रेशन की तर्ज पर ही हर प्रकार के निर्माण कार्यों का रजिस्ट्रेशन जरूर कराएं। शहर और गांवों में होने वाले हर निर्माण कार्य का डेटा हमारे पास होना चाहिए। साथ ही ये ध्यान रखा जाए कोई भी निर्माण कार्य बंजर और अनुपजाऊ भूमि पर ही होना चाहिए।

## मुख्यमंत्री 24-25 को मथुरा दौरे पर

लखनऊ, विशेष संवाददाता। सीएम योगी आदित्यनाथ 24 जून को अपने नए कार्यालय का उद्घाटन करने मथुरा आ रहे है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्यमंत्री अध्यक्ष भी हैं। इसलिए परिषद के नए कार्यालय में मुख्यमंत्री का भी ऑफिस बनाया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी अधिकारियों संग बैठक कर मथुरा में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। वहीं मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर में दर्शन- पूजन भी करेंगे। परिषद के कार्यालय को ब्रज के धार्मिक स्वरूप के अनुरूप बनाया गया है। पूरे भवन को लाल पत्थर से बनाया गया है। इस भवन की तीसरी मंजिल पर मुख्यमंत्री योगी का कार्यालय, उपाध्यक्ष का कार्यालय और सभागार बनाया गया है। दूसरे दिन सीएम योगी सुबह करीब 8 बजे वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर के दर्शन- पूजन करेंगे और उसके बाद संत जनों के साथ जलपान ग्रहण करेंगे।